**कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)।**

पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / वि0प0 / ए0आ0आ0वि0 / प्र0प0 2023 / 205 / 2022–23 दिनांक 30 जनवरी 2023।

## :: एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी (देहरादून), बाजपुर (उ0सि0नगर) खटीमा (उ0सि0नगर) एवं मेहरवाना, चकराता (देहरादून), प्रवेश परीक्षा 2023 विज्ञप्ति ::

अपर निदेशक / सचिव, जनजाति कल्याण / एकलब्य विद्यालय संगठन समिति, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्रांक : 38–40 / ई0वी0एस0एस0 / ई0एम0आर0एस0 / प्रवेश परीक्षा / 2022–23, दिनांक 27 जनवरी 2023 के क्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी (देहरादून), बाजपुर (उ0सि0नगर) खटीमा (उ0सि0नगर) एवं मेरवाना, चकराता (देहरादून) में सत्र 2023–24 हेतु कक्षा 06 में प्रवेश हेतु **राज्य / केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में वर्तमान शिक्षा सत्र 2022–23 में कक्षा 05 में अध्ययनरत, उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति (ST) के छात्र / छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।** उक्त विद्यालय में कक्षा 06 से कक्षा 12 तक अनिवार्य आवासीय व्यवस्था के साथ–साथ निःशुल्क उच्च स्तरीय स्कूली सह शिक्षा हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से प्रदान किये जाने का प्रावधान है। इन विद्यालयों में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु अनुसूचित जनजाति के 30 छात्र एवं 30 छात्राओं को प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित किया जाना है।

- **विद्यालयवार उपलब्ध स्थानों का विवरण :–**

| क्र0 सं0 | विद्यालय का नाम | उपलब्ध स्थान | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बालक | बालिका | योग | |
| 1 | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी (देहरादून) | 30 | 30 | 60 | 02 सीटें बुक्सा एवं 02 सीटें राजि जनजाति के छात्र / छात्राओं हेतु बराबर संख्या में आरक्षित। |
| 2 | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बाजपुर (उ0सि0नगर) | 30 | 30 | 60 | 42 सीटें बुक्सा एवं 02 सीटें राजि जनजाति के छात्र / छात्राओं हेतु बराबर संख्या में आरक्षित। |
| 3 | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय खटीमा (उ0सि0नगर) | 30 | 30 | 60 | 42 सीटें थारू एवं 02 सीटें राजि जनजाति के छात्र / छात्राओं हेतु बराबर संख्या में आरक्षित। |
| 4 | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मेहरवाना, चकराता (देहरादून) | 30 | 30 | 60 | 02 सीटें बुक्सा एवं 02 सीटें राजि जनजाति के छात्र / छात्राओं हेतु बराबर संख्या में आरक्षित। |
| | **योग** | **120** | **120** | **240** | |

- **प्रवेश हेतु पात्रता :–**

1. **राज्य / केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में वर्तमान सत्र 2022–23 में कक्षा 05 में अध्ययनरत राज्य के अनुसूचित जनजाति के छात्र / छात्राएं कक्षा 06 में प्रवेश के लिए इस प्रवेश परीक्षा में बैठने हेतु अर्ह होंगे।** कक्षा 05 **की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके छात्र / छात्राएं इस परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह नहीं हैं, अतः वे आवेदन न करें।**
2. आवेदन पत्र में अभ्यर्थी शैक्षिक विवरण का सत्यापन एवं फोटो का सत्यापन अपने उस विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्रधानाध्यापिका से करायेंगे जहाँ वे वर्तमान शिक्षा सत्र में कक्षा 5 में अध्ययनरत है।
3. कक्षा 06 में प्रवेश हेतु **अभ्यर्थी की आयु 01 जुलाई 2023 को 09 वर्ष से 13 वर्ष के मध्य होनी चाहिए** अर्थात उसका जन्म 01 जुलाई 2010 से 30 जून 2014 के मध्य हुआ हो (उक्त दोनों तिथियां सम्मिलित हैं)।
4. **आवेदन–पत्र में अभ्यर्थी को ए0आ0आ0वि0 कालसी (देहरादून) अथवा ए0आ0आ0वि0 बाजपुर (उधमसिंहनगर) अथवा ए0आ0आ0वि0 खटीमा (उधमसिंहनगर) अथवा ए0आ0आ0वि0 मेहरवाना, चकराता (देहरादून) में से किसी एक विद्यालय का नाम (जहाँ कक्षा 6 में प्रवेश के इच्छुक हो) अनिवार्य रूप से अंकित करना होगा।** चयन हेतु उसका अभ्यर्थन केवल उसी विद्यालय के लिये मान्य होगा जिसका चयन आवेदन पत्र में किया गया होगा। **विद्यालय का चयन न करने अथवा एक से अधिक विद्यालयों का चयन करने पर आवेदनपत्र निरस्त कर दिया जायेगा।**
5. अभ्यर्थी द्वारा आवेदनपत्र में अंकित सूचना के आधार पर उसे औपबंधिक रूप से परीक्षा में सम्मिलित करा लिया जायेगा किन्तु चयन होने की स्थिति में काउंसिलिंग के समय आवेदन पत्र में भरी गयी कोई सूचना **असत्य / गलत पाये जाने पर चयन निरस्त कर दिया जायेगा। गलत तथ्य / सूचना प्रस्तुत करने के कारण अभ्यर्थीके विरूद्ध विधिक कार्यवाही भी की जा सकती है। अतः आवेदन पत्र में सही सूचना अंकित करें।**
6. प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर चयन होने के उपरान्त अभ्यर्थी को चयनित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश तभी दिया जायेगा **जब वह सत्र 2022–23 में कक्षा 5 उत्तीर्ण होने के प्रमाणपत्र सहित अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र (यथा जाति, निवास, जन्म प्रमाणपत्र) काउंसिलिंग के समय के संबंधित एकलव्य आदर्श**

**आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य के समक्ष प्रस्तुत करेगा। कोई भी तथ्य/सूचना या प्रमाणपत्र असत्य/गलत पाये जाने या प्रस्तुत न करने पर चयन स्वतः ही निरस्त माना जायेगा। इस संबंध में अभ्यर्थी का कोई दावा मान्य नहीं होगा।**

- **आवेदन पत्र :** आवेदन–पत्र के प्रारूप की प्रतियां मुख्य शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी/उप शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य सम्बन्धित विद्यालयों तथा निकटतम राजकीय आश्रम पद्वति विद्यालयों के प्रधानाचार्य कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है। आवेदन–पत्र उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** में **DEPARTMENTAL EXAM** आईकॉन से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

- **परीक्षा केन्द्र :** परीक्षा हेतु निम्न 21 केन्द्र प्रस्तावित हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी को वरीयता क्रम में 03 परीक्षा केन्द्रों के नाम अंकित करने होंगे। यथा संभव प्रथम वरीयता वाला परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जाएगा। किन्तु प्रथम वरीयता वाले केन्द्र पर परीक्षार्थियों की संख्या 10 से कम होने पर द्वितीय या तृतीय परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जा सकता है। वरीयता क्रम में अंकित किये गये परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों की संख्या 10 से कम होने पर अन्य निकटतम परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जा सकता है। परीक्षा निम्नवत् परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जानी प्रस्तावित है–

  1- राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरिपुर, कालसी, देहरादून।
  2- राजकीय इण्टर कॉलेज कालसी, देहरादून।
  3- राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज हरिपुर कालसी, देहरादून।
  4- कैन्ट उचतर माध्यमिक विद्यालय चकराता, देहरादून।
  5- राजकीय इण्टर कॉलेज त्यूनी, देहरादून।
  6- राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज उत्तरकाशी।
  7- राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोशीमठ, चमोली।
  8- राजकीय इण्टर कॉलेज घाट, चमोली।
  9- राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलुवाकोट, पिथौरागढ़।
  10- राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुनस्यारी, पिथौरागढ़।
  11- एस0डी0एस0 राजकीय इण्टर कॉलेज पिथौरागढ़।
  12- राजकीय इण्टर कॉलेज डीडीहाट, पिथौरागढ़।
  13- राजकीय इण्टर कॉलेज लोहाघाट, चम्पावत।
  14- राजकीय इण्टर कॉलेज दिनेशपुर, ऊधमसिंह नगर।
  15- राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खटीमा, ऊधमसिंह नगर।
  16- राजकीय इण्टर कॉलेज थारू खटीमा, ऊधमसिंह नगर।
  17- राजकीय इण्टर कॉलेज सितारगंज, ऊधमसिंह नगर।
  18- राजकीय इण्टर कॉलेज कण्वघाटी (किशनपुरी) पौड़ी गढ़वाल।
  19- रा0इ0का0 सभावाला, वि0खं0 विकास नगर, देहरादून।
  20- रा0इ0का0 बाजपुर, वि0ख0 बाजपुर, ऊधमसिंह नगर।
  21- रा0इ0का0 डाकपत्थर, वि0खं0 विकास नगर, देहरादून।

- **परीक्षा तिथि :**

  प्रवेश परीक्षा माह मई 2023 द्वितीय सप्ताह में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक प्रस्तावित है। प्रवेश परीक्षा का माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी होगा। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु **प्रवेश–पत्र डाक द्वारा अभ्यर्थियों के पत्र व्यवहार के पते पर उपलब्ध कराए जाएंगे। जिसमें परीक्षा तिथि/समय एवं परीक्षा केन्द्र का नाम अंकित होगा। इस हेतु अभ्यर्थी अपने आवेदन–पत्र के साथ एक स्वपता लिखा लिफाफा भी संलग्न करें इसमें अपना पता (पिन कोड सहित) सही प्रकार से अंकित करें।** यदि किसी अर्ह अभ्यर्थी को किसी कारण प्रवेशपत्र प्राप्त नहीं होता है तो वह परीक्षा से एक दिन पूर्व अपने को आवंटित परीक्षा केन्द्र (परिषद् की वेबसाइट में परीक्षार्थी का अनुक्रमांक, परीक्षा केन्द्र आदि का पूर्व विवरण अंकित होगा उसका अवलोकन कर) में जाकर भी प्रवेश पत्र प्राप्त कर परीक्षा में सम्मलित हो सकता है। इस हेतु उसे परीक्षा केन्द्र पर अपना एक फोटो एवं पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।

- **आवेदन की अंतिम तिथि :–**

  दिनांक **10 मार्च 2023** को सायं 5:00 बजे तक तक पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र ***"सचिव, विभागीय परीक्षा अनुभाग, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) पिन – 244715"*** के पते पर पंजीकृत डाक से

अवश्य पहुँच जाने चाहिए। लिफाफे के बाहर **"एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2023 हेतु आवेदन पत्र"** अवश्य लिखा जाय। **अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त एवं अपूर्ण रूप से भरे गये आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।** प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष नं0 05947-254275 पर सम्पर्क कर सकते है।

- **परीक्षा योजना :–**

प्रवेश परीक्षा की अवधि 2 घण्टे होगी, प्रश्न–पत्र में तीन खण्ड निम्नवत् होंगे :–

| खण्ड | विषय वस्तु/खण्ड | प्रश्नों की संख्या | निर्धारित अंक |
|---|---|---|---|
| (क) | मानसिक योग्यता परीक्षा | 40 | 40 |
| (ख) | गणित परीक्षा | 30 | 30 |
| (ग) | भाषा (हिन्दी) परीक्षा | 30 | 30 |
| **कुल प्रश्नों की संख्या** | | **100** | **100** |

1. प्रश्न–पत्र में कुल 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। खण्ड : (ग) भाषा (हिन्दी) को छोड़ अन्य भाग हिन्दी एवं अंग्रेजी में होंगे।
2. प्रश्नों का स्तर प्राथमिक स्तर (कक्षा 5 तक के स्तर) के समान होगा।
3. **प्रश्नों का उत्तर देने लिए ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक का प्रयोग किया जायेगा।** परीक्षार्थी इसका अभ्यास कर लें। प्रश्न के सामने दिये गये चार विकल्पों **(A, B, C, D)** में से सही विकल्प के गोले को काला करना है। ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में उत्तर अंकित करने के लिए केवल काली/नीली बॉल प्वाइन्ट पैन का ही प्रयोग करें।
4. प्रत्येक सही उत्तर पर एक अंक देय होगा। एक से अधिक विकल्प पर गोला करने अथवा प्रश्न का उत्तर अंकित न करने पर कोई अंक देय नहीं होगा। गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटा जायेगा।
5. परीक्षा कक्ष में कैलकुलेटर, मोबाइल, किसी भी अन्य प्रकार की इलेक्ट्रानिक उपकरणों, मुद्रित या लिखित पाठ्य सामग्री को लाना/प्रयोग करना वर्जित है।
6. **परीक्षा समाप्ति के उपरान्त ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक को कक्ष निरीक्षक के पास जमा करना होगा। प्रश्नपुस्तिका को परीक्षार्थी को अपने साथ ले जाने की अनुमति होगी।**

- **कोविड 19 महामारी के दृष्टिगत या अन्य किसी कारण से परीक्षा की प्रस्तावित तिथि सहित परीक्षा से संबंधित उक्त अन्य कार्यक्रमों मे परिवर्तन किया जा सकता है।**

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।